CRPF ने अपने एक करोड़ किलोमीटर के लक्ष्य को किया पार

CRPF के आंतरिक सुरक्षा योद्धा पूरी लगन और समर्पण के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। शारीरिक दक्षता और कर्मियों की कुशलता को बल में काफी महत्व दिया जाता है जो इसकी परिचालन दक्षता की निरंतरता के लिए अपरिहार्य है। इसी भावना के साथ सीआरपीएफ ने फिट इंडिया और खेलो इंडिया मूवमेंट में बढ़ चढ़कर भाग लिया और 15 अगस्त से 2 अक्टूबर 2020 के बीच 1 करोड़ 50 लाख किलोमीटर पूरे कर अपने 1 करोड़ किलोमीटर दौड़ने के लक्ष्य को पार कर लिया।

लक्ष्य प्राप्ति को चिह्नित करते हुए नई दिल्ली में बल द्वारा एक रन का आयोजन किया गया। 1961 में अर्जुन अवार्ड प्राप्त करने वाले पहले खिलाड़ी , श्री जीएस रंधावा, पद्म श्री, कमांडेंट (सेवानिवृत्त), सीआरपीएफ, द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किए गए इस रन में, न केवल डॉ ए पी माहेश्वरी, महानिदेशक, CRPF सहित बल के जवानों ने भाग लिया, बल्कि खेल जगत के दिग्गजों, जैसे कि ओलंपिक पदक विजेता श्री सुशील कुमार, पद्म श्री, अर्जुन पुरस्कार विजेता श्री खजान सिंह, डीआईजी सीआरपीएफ, अर्जुन पुरस्कार विजेता सुश्री कुंजुरानी देवी, कमांडेंट सीआरपीएफ, और अर्जुन पुरस्कार विजेता श्री परमजीत सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफ ने रन में हिस्सा लेकर सबका उत्साहवर्धन किया। विजय चौक से शुरू होकर रन इंडिया गेट पर संपन्न हुआ। सीआरपीएफ कर्मियों के उत्साह और अटूट भावना के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए, महानिदेशक महोदय ने रेखांकित किया कि अपनी तैनाती के स्थानों पर, बल ने फिट इंडिया फ्रीडम रन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी बड़े मनोयोग से सुनिश्चित कराई है।

देश भर में सीआरपीएफ के संस्थानों में कई ऐसे रन आयोजित किए गए, जिसमें बल के कार्मिकों के साथ साथ उनके परिवारों और नागरिकों ने भी बड़ी ऊर्जा से भाग लिया । CRPF में समाज से जुड़कर और सबको साथ लेकर चलने की परंपरा हमेशा से रही है, और इसी दिशा में बल समुदायों की भागीदारी विभिन्न आयोजनों में सुनिश्चित और प्रोत्साहित करता आ रहा है।

CRPF - FIT INDIA
FREEDOM RUN
RUN

CRPF
FIT INDIA FREEDOM RUN